डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब०/1852/2026 दिनांक : 02/09/2026
अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध

सेवा में,

1. अधिष्ठाता, शोध।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी/समन्वयक, आवासीय संस्थान ।
3. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध/संघटक महाविद्यालय
डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषय : जून, 2026 में आयोजित UGC-NET/JRF परीक्षा में सफल विद्यार्थियों का विवरण उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या : ई–5937/32–जी.एस.2026–XI दिनांक 01.09.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा दैनिक जागरण के दिनांक 01.09.2026 के अंक में प्रकाशित समाचार "लविविः यूजीसी नेट–जेआरएफ में सौ से अधिक छात्र–छात्राओं को मिली सफलता" का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के संबंध में माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा जून, 2026 में आयोजित UGC-NET/JRF परीक्षा में सफल विद्यार्थियों का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय/संस्थान के उक्त परीक्षा में सफल विद्यार्थियों का विवरण दिनांक 03.09.2026 की सायं तक अधोहस्ताक्षरी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा।
2. प्रभारी, कुलपति सचिवालय, मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों की लॉग–इन आई०डी० पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

ई–मेल

**राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश**
**लखनऊ–226027**
संख्याःई– 5937 / 32–जी.एस. 2026–XI
दिनांकः 01/09/ 2026

प्रेषकः

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
(अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

महोदय / महोदया,

कृपया ''दैनिक जागरण'' के दिनांक 01.09.2026 के अंक में प्रकाशित ''लविविः यूजीसी नेट–जेआरएफ में सौ से अधिक छात्र–छात्राओं को मिली सफलता'' का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें विश्वविद्यालय में जून 2026 में आयोजित यूजीसी नेट / जेआरएफ परीक्षा में सफल विद्यार्थियों का विवरण प्रकाशित किया गया है।

**2.** उपर्युक्त प्रकाशित समाचार के परिप्रेक्ष्य में माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा समस्त विश्वविद्यालयों से प्रश्नगत परीक्षा में परिणाम उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

**3.** अतएव इस सम्बन्ध में प्रकाशित समाचार पत्र की कटिंग संलग्न करते हुए मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि जून 2026 में आयोजित यूजीसी नेट / जेआरएफ परीक्षा में आपके विश्वविद्यालय / संस्थान में सफल विद्यार्थियों का विवरण इस सचिवालय के ई–मेल <dseducationsecup@gmail.com> पर दिनांक 04.09.2026(शुक्रवार) की सांय तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

01/9/26

**( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )**
मा.प्र.से.(से.नि.)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी
(अपर मुख्य सचिव स्तर)

**संलग्नक–यथोपरि।**

# सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दै० अमर उजाला लखनऊ ........ दिनांक 01 SEP 2026

## आवेदन की अंतिम तिथि अब 10 सितंबर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शोध मेधा छात्रवृत्ति के आवेदन की अंतिम तिथि 10 सितंबर तक बढ़ा दी है। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर अमिता कनौजिया के अनुसार, शोधार्थी ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित आवेदन पत्र और आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन जमा करें। ऑनलाइन आवेदन के लिए गूगल फॉर्म का लिंक जारी किया गया है। ऑफलाइन आवेदन विवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर उपलब्ध आवेदन पत्र के माध्यम से होगा। विवि ने विभागाध्यक्षों और निदेशकों से 10 सितंबर तक आवेदन डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय भेजने के लिए कहा है। वहीं, सत्र 2026-27 में स्नातक और परास्नातक प्रवेश के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 15 सितंबर तक पंजीकरण करा सकेंगे। पहले अंतिम तिथि 31 अगस्त थी।(माई सिटी रिपोर्टर)

## दूसरे विशेष चरण में भी 31 हजार दावेदार

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) की बीटेक प्रवेश प्रक्रिया आखिरी चरण में पहुंच गई है। विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित दूसरे चरण में लगभग 31 हजार छात्रों ने प्रवेश के लिए अपना दावा प्रस्तुत किया है। इसमें सर्वाधिक 12वीं पास अभ्यर्थी हैं। इस चरण का सीट अलॉटमेंट दो सितंबर को जारी किया जाएगा। मुख्य चरण की काउंसिलिंग से विश्वविद्यालय में 23 हजार ही प्रवेश हुए। पहले विशेष चरण में 35 हजार से ज्यादा छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया और 26 हजार को सीट भी अलॉट हुई थी। इन अभ्यर्थियों ने अपने कॉलेज में फिजिकल रिपोर्टिंग करा ली है। आखिरी विशेष चरण में भी 31 हजार से अधिक छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इसकी प्रक्रिया 30 अगस्त देर रात तक समाप्त हुई है। इसका सीट अलॉटमेंट दो सितंबर को जारी होगा। तीन से सात सितंबर तक फिजिकल रिपोर्टिंग होगी। (ब्यूरो)

## उद्यमिता के गुर सीखेंगे बीबीएयू के विद्यार्थी

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के विद्यार्थियों को अब स्टार्टअप और उद्यमिता की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। सोमवार को 'नवकल्पना' कार्यक्रम के तहत क्षेत्र भ्रमण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी), सांख्यिकी विभाग और सेंटर फॉर इनोवेशन, इन्क्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (सीआईआईई) ने मिलकर आयोजित किया। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के निर्देशन में विद्यार्थियों को इन्क्यूबेशन यूनिट की कार्यप्रणाली समझाई गई। नवकल्पना की इन्क्यूबेटर प्रबंधक मधुलिका, नवकल्पना के सलाहकार प्रो. मनोज जोशी, आईआईसी एवं सीआईआईई के अध्यक्ष प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा, इन्क्यूबेटर प्रबंधक मधुलिका और कार्यक्रम संयोजक डॉ. राहुल वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

## लविवि : यूजीसी नेट-जेआरएफ में सौ से अधिक छात्र-छात्राओं को मिली सफलता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के सौ से अधिक विद्यार्थियों ने जून 2026 में आयोजित यूजीसी नेट/जेआरएफ परीक्षा में सफलता हासिल की है। इनमें 16 विद्यार्थियों ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) और 86 ने असिस्टेंट प्रोफेसर पात्रता (नेट) परीक्षा उत्तीर्ण की है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इसकी घोषणा की गई। कुलपति जेपी सैनी ने सफल विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को बधाई दी। विभागवार आंकड़ों के अनुसार, हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग से सर्वाधिक 19 विद्यार्थी सफल हुए। इनमें चार जेआरएफ और 15 नेट शामिल हैं। शिक्षाशास्त्र विभाग से 16 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें दो जेआरएफ और 14 नेट हैं। अर्थशास्त्र विभाग से 13 विद्यार्थियों ने सफलता पाई, जिनमें चार जेआरएफ और नौ नेट हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
संख्या ई 5937 /जी०एस०
दिनांक 01/9/26